<u>फा.सं. 15/14/2022-आरएचक्यू</u>

<u>कर्मचारी चयन आयोग</u>

चयन पद परीक्षा/चरण X/2022 (उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर – अगले स्तर की संवीक्षा हेतु कंप्यूटर आधारित परीक्षा के अतिरिक्त परिणाम-11 की घोषणा ।

****

उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर के पदों हेतु चयन पद परीक्षा/चरण X/2022 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा के दिनांक 18.11.2022 के पूर्व घोषित परिणाम के अनुक्रम में, जिसमें विभिन्न पद-श्रेणियों के लिए मेरिट और अभ्यर्थियों की उपलब्धता/उपयुक्तता के अध्यधीन, 1:20 अथवा 1:10 (रिक्ति : अभ्यर्थी) के अनुपात में, (परीक्षा-विज्ञप्ति के अनुसार) यथा-प्रयोज्य, अभ्यर्थियों ने अर्हताप्राप्त की थी, आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 12.05.2023 को अपलोड किए गए चयन पद परीक्षा/चरण X/2022 की विज्ञप्ति के पैरा 18.22 के अनुसरण में आयोग द्वारा अतिरिक्त अभ्यर्थियों को सार्टलिस्ट किया गया है, जोकि निम्नानुसार हैं:

" अगर दस्तावेज जांच / अंतिम दस्तावेज सत्यापन के समय आयोग को लगता है कि विशेष पद श्रेणी के लिए रिक्ति (रिक्तियां) पूर्णत: नहीं भर रहीं है तो उन्हें भरने के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अर्हताप्राप्त अतिरिक्त अभ्यर्थियों को योग्यता के क्रम में, 5 रिक्तियों तक 1:20 के अनुपात में और 5 से ज्यादा रिक्तियों के लिए 1:10 के अनुपात में रिक्तियों को भरने के लिए **<u>आयोग के निर्णय पर, सिर्फ और एक बार बुलाया जाएगा</u>** ।"

2. रिक्तियों को भरने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों में दस्तावेजों की संवीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की अस्वीकृति के कारण, यह पाया गया कि विभिन्न पदों की श्रेणियों के लिए पर्याप्त संख्या में उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं थे । अतः, विज्ञप्ति के उपर्युक्त प्रावधान के अनुसरण में, आयोग चरण-X/2022/चयन पदों की कंप्यूटर आधारित परीक्षा में योग्यता और उपलब्धता के आधार पर विभिन्न पद-श्रेणियों के लिए अतिरिक्त अभ्यर्थी उपलब्ध करा रहा है। **उच्चतर माध्यमिक (10+2)** स्तर के पदों के लिए विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत जांच के अगले चरण के लिए चुने गए **अभ्यर्थियों की अतिरिक्त संख्या** निम्नानुसार है:

आ.क.व.	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	अना.	कुल
--	06	--	--	20	26

3. परीक्षा- विज्ञप्ति में निहित प्रावधानों के अनुसार, अतिरिक्त परिणाम तैयार करते समय न्यूनतम कट-ऑफ मानदंड [अना. – 35% (यानी 70 अंक), आ.क.व./ अ.पि.व. – 30% (यानी 60 अंक), अन्य सभी श्रेणियां – 25% (यानी 50 अंक)] लागू किया गया है।

4. जिन अभ्यर्थियों को दिनांक 18.11.2022 के परिणाम के अनुसार पहले "अयोग्य" घोषित किया गया था, उन्हें 1:20 या 1:10 (रिक्ति : अभ्यर्थी) के अनुपात में रिपोर्ट की गई पद-श्रेणियों के लिए अतिरिक्त परिणाम में अर्हता प्राप्त माना गया है, जो अभ्यर्थियों की योग्यता और उपलब्धता/उपयुक्तता के अध्यधीन कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए लागू होता है ।

5. आयोग द्वारा अगले चरण की जांच के लिए योग्यता के क्रम में पात्र माने गए अतिरिक्त अभ्यर्थियों के लिए पद-श्रेणीवार कट-ऑफ और अभ्यर्थियों की संख्या निम्नानुसार निर्धारित की गई है:

(उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर के लिए अर्हताप्राप्त अभ्यर्थियों के लिए कट-ऑफ विवरण)

पद कोड	श्रेणी	आवंटित	अंतिम चयनित अभ्यर्थी का विवरण			
			कुल अंक	भाग-क	भाग-ख	जन्म तिथि (दिदि-मामा-वववव)
WR11922	अना.	20	73.71491	28.5	-0.5	25-08-1994
WR11922	अ.जा.	06	50.50181	24	9.5	14-06-1989

6. अगले चरण की जांच के लिए चयनित अतिरिक्त अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता (ईक्यू), अनुभव, श्रेणी, आयु, आयु में छूट आदि (यथा-प्रयोज्य) से संबंधित **सभी समर्थनकारी दस्तावेजों (स्व-सत्यापित) की हार्ड कॉपी में प्रतिलिपि अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंटआउट के साथ** संबंधित क्षेत्रीय

कार्यालय (कार्यालयों) में **दिनांक 07.11.2024 तक स्पीड पोस्ट द्वारा ही** जमा करनी होगी। अभ्यर्थियों को संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय (कार्यालयों) को स्पीड पोस्ट द्वारा दस्तावेज भेजते समय लिफाफे के शीर्ष पर **"उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर"** और **"पद-श्रेणी संख्या"** का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए।

7. अभ्यर्थी आयोग की पुरानी वेबसाइट (https://ssc.nic.in) पर अपने पुराने लॉगइन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके लॉगइन करके अपने आवेदन पत्र का प्रिंटआउट ले सकते हैं।

8. **महत्वपूर्ण-** उन रिक्तियों/पदों की श्रेणियों के लिए अतिरिक्त परिणाम, जिनमें कोई अतिरिक्त अभ्यर्थी अर्हताप्राप्त/शॉर्टलिस्ट नहीं है, या तो उपलब्ध अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा विज्ञप्ति के अनुसार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करने या उपयुक्त अभ्यर्थियों के उपलब्ध नहीं होने के कारण है।

9. परिणाम राइट अप [उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तर], जोकि दिनांक 18.11.2024 को पूर्व में ही आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है, की अन्य शर्तें एवं प्रावधान अपरिवर्तित रहेंगे।

अवर सचिव (गोप-4)
17.10.2024